हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार 6 मई 2026

11 राज्यपाल के नाम सौंपे ज्ञापन में कहा वीआईपी...



12 गर्मी में नहीं सूखेगा लोगों का गला जिले को मिला...



### शहर के सौंदर्यीकरण पर लगा ग्रहण, हर तरफ कूड़े के ढेर नजर आ रहे

अब दो दिन और बढ़ी कर्मचारियों की हड़ताल

# डोर-टू-डोर एवं कचरा प्वाइंटों से कूड़ा उठाने वाले टैम्पो व तिपहिया रेहड़ियों पर ब्रेक लगे







हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

नगर पालिका कर्मचारी संघ के बैनर तले संघ के प्रदेश सचिव पुरुषोत्तम दानव के नेतृत्व में एक मई शुक्रवार से दो दिवसीय सफाई कर्मियों की सफाई छोड़ हड़ताल शुरू हुई थी, लेकिन दो दिन के दौरान सरकार व प्रशासन ने कर्मियों की मांगों पर कोई संज्ञान नहीं लिया तो विरोधस्वरूप कर्मियों ने हड़ताल को पांच मई तक बढ़ा दिया था। पांच मई मंगलवार को नपा कर्मचारी संघ ने कड़ा रुख अपनाया और शहर में साफ-सफाई कार्य छोड़ने के बाद डोर-टू-डोर एवं कचरा प्वाइंटों से कूड़ा उठाने वाले टिप्पर (टैम्पो) व तिपहिया रेहड़ियों के पहियों पर ब्रेक लगा दिए। टिप्पर व रेहड़ियों के पहियों पर ब्रेक लगने से शहर के सौंदर्यीकरण पर भी ग्रहण लगने लगा हैं, क्योंकि हर तरफ कूड़े के ढेर नजर आ रहे हैं। अब कर्मियों की हड़ताल को सात तक बढ़ा दिया हैं ।

उल्लेखनीय है कि नगर पालिका कर्मचारी संघ के बैनर तले सफाई कर्मचारियों की हड़ताल की अध्यक्षता संघ जिला प्रधान शेरसिंह ने की। कर्मियों ने लंबित मांगें लागू करवाने को लेकर




एक व दो मई को हड़ताल की थी, लेकिन सरकार व प्रशासन की बेरूखी के चलते कर्मचारी संघ ने हड़ताल को पांच मई तक बढ़ा दिया था। इसके बाद भी सरकार व प्रशासन ने मांगों के संदर्भ में कोई कार्रवाही नहीं करने पर कर्मचारी संघ ने शहर के सभी 31 वार्डों में डोर-टू-डोर जाकर कूड़ा उठाने वाले टिप्पर व रेहड़ियों को बंद कर दिया। इसके साथ ही कचरा प्वाइंटों पर पड़े कूड़े को भी लोडर से नहीं उठाने का निर्णय लिया, जिसके बाद सफाई व्यवस्था व कूड़े उठान एवं निस्तारण पूर्णरुप से ठप हो गया। शहर के सभी 31 वार्डों में प्रत्येक में दो टिप्पर व करीब ढाई सौ तिपहिया रेहड़ियां डोर टू डोर कूड़ा उठाने का कार्य करते थे। वैसे तो शहर में एक दिन साफ-सफाई न हो तो व्यवस्था बेपटरी हो जाती हैं और सफाई कर्मियों को तो हड़ताल पर बैठे पांच दिन बित चुके हैं और पांच दिन से शहर में साफ-सफाई नहीं हुई हैं, ऐसे में अब डोर-टू-डोर व कचरा प्वाइंटों का कूड़ा उठाने वाले टिप्पर व रेहड़ियां बंद करना कर्मचारियों का बड़ा एक्शन हैं। उक्त फैसले से शहर के सौंदर्यीकरण को ग्रहण लग जाएगा और हर तरफ कूड़े के ढेर ही नजर आएंगे। हड़ताल खत्म होने तक साफ सफाई कार्य पूर्णरुप से बंद रहेगा। छह मई बुधवार को नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

#### सरकार व प्रशासन हठधर्मिता छोड़ेः दानव

नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव पुरुषोत्तम दानव ने कहा कि सरकार व प्रशासन सफाई कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर हठधर्मिता छोड़े और उनकी मांगों को तुरंत प्रभाव से लागू करने का काम करें। उन्होंने चेतावनी दी कि कर्मचारी किसी भी सूरत में पीछे हटने वाले नहीं हैं और समय रहते मांगों पर मंथन नहीं किया तो सात मई के बाद हड़ताल अनिश्चितकाल में तब्दील करने का निर्णय लिया जा सकता हैं। फिलहाल हड़ताल को सात मई तक बढ़ाया गया हैं और छह मई को सुबह नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

#### ये हैं कर्मचारियों की मांगें

दानव ने बताया कि वर्ष 1997 के बाद से नगर पालिकाओं में सफाई कर्मचारियों की कोई नियमित भर्ती नहीं हुई है, जबकि अन्य विभागों से सरकार द्वारा रिक्त पदों का डेटा मांगा गया है। उन्होंने सफाई कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपये करने, बढ़ती जनसंख्या एवं शहरों के विस्तार अनुसार नए पदों का सृजन कर पक्की भर्ती करने, कर्मचारियों को कार्य के दौरान तमाम आवश्यक सुरक्षा उपकरण मुहैया करवाने की मांग उठाई।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पुरुषोत्तम दानव, शेरसिंह, बाला, मनीषा, द्रोपदी, सीमा, सुनीता, बिट्टू, रमेश, जयहिंद पहलवान, अमित, शिवकुमार, सुरेश, विशेष व राहुल आदि मौजूद रहे।

लोन अधिकारी व अन्य ने 29 लोन खाते खोले

## बैंक लोन धोखाधड़ी के दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- आरोपियों ने 29 खातों के माध्यम से कुल 58 लाख की धोखाधड़ी की
- लोन की राशि रिश्तेदारों व परिचितों के खातों में डलवा दी

पुलिस की जिला अनुसंधान इकाई भिवानी की टीम ने बैंक लोन धोखाधड़ी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जांच पड़ताल में 58 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला उजागर हुआ है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता संदीप वरिष्ठ अधिकारी उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने थाना सिविल लाइन भिवानी में शिकायत दर्ज करवाई थी।

#### हर खाते पर 02 लाख का लोन दिया

शिकायत में बताया कि उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक, बालाजी कॉम्पलेक्स, पुराना बस स्टैंड के पास स्थित शाखा में कार्यरत लोन अधिकारी अनिल व अन्य आरोपियों ने मिलकर लोन प्रक्रिया में धोखाधड़ी की। आरोपियों ने योजना बनाकर 29 लोन आवेदकों के फर्जी केवाईसी दस्तावेज तैयार किए और उनके नाम पर 29 लोन खाते खोले गए। प्रत्येक खाते पर लगभग 02 लाख का लोन स्वीकृत करवाया गया। आरोपियों ने लोन प्रक्रिया के दौरान आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज अन्य व्यक्तियों के लगाकर फर्जी केवाईसी की तथा लोन की राशि अपने रिश्तेदारों व परिचितों के खातों में डलवा दी। इस प्रकार आरोपियों द्वारा 29 खातों के माध्यम से कुल 58 लाख की धोखाधड़ी की गई। शिकायत के आधार पर थाना सिविल लाइन भिवानी में संबंधित धाराओं के तहत अभियोग दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई। मामले में प्रभावी कार्रवाई करते हुए पांच मई को जिला अनुसंधान इकाई के एएसआई विजेंद्र सिंह ने दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सुनील कुमार पुत्र महाबीर सिंह निवासी नवा राजगढ़ भिवानी व आरती पुत्री सुरेश कुमार निवासी नौरंगाबाद भिवानी के रूप में हुई है।

## खबर संक्षेप

#### चोरों ने खड़ी गाड़ी के टायर चुराए, केस दर्ज

**लोहारू।** उपमंडल के गांव ढिगावा में चोरों ने दुकान के बाहर खड़ी कार के दो टॉयर चोरी कर लिए और फरार हो गए। पुलिस को दी शिकायत में अमीरवास गांव निवासी रजनीकांत ने बताया कि उसकी ढिगावा में दुकान है। उसने अपनी दुकान के सामने कार खड़ी की थी। चोरों ने खड़ी गाड़ी के टायर चोरी कर लिए। उसने देखा तो उसकी कार के दो टायर गायब थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है।

#### स्नातक की परीक्षाएं आज से और पीजी की 9 से

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल विवि की स्नातक की मुख्य एवं रीअपीयर की परीक्षाएं कल 06 मई से तथा पीजी की परीक्षाएं 09 मई से प्रारंभ हो रही हैं। ये परीक्षाएं दो सत्रों प्रातःकालीन एवं सायंकालीन सत्रों में संचालित की जाएगी। प्रातः कालीन सत्र की परीक्षा सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक और सायंकालीन सत्र की 2:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक संचालित होंगी। विवि के परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन गुप्ता ने बताया कि विवि की कुलगुरु प्रो दीप्ति धर्माणी के दिशा निर्देशन में विवि द्वारा नकल रहित परीक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय से संबंधित सभी कॉलेजों को परीक्षाओं के नकल रहित सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय नकल रहित परीक्षाओं के सफल संचालक को कृत संकल्पित है। उन्होंने बताया कि कुलगुरु प्रो दीप्ति धर्माणी ने परीक्षा में ड्यूटी देने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक कर उन्हें नकल रहित परीक्षाओं के सफल संचालक के लिए सभी आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए और परीक्षाओं की शुभकामनाएं दी। विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रो दीप्ति धर्माणी, कुलसचिव प्रो भावना शर्मा एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ पवन गुप्ता ने सभी परीक्षार्थियों को परीक्षाओं की शुभकामनाएं दी हैं।

दैनिक यात्रियों ने जताया आभार

## रोहतक रोड पर ऊंचे ब्रेकरों से मिली निजात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

एंबुलेंस में जाने वाले गंभीर मरीजों के लिए जानलेवा साबित हो रहे थे ब्रेकर: सुनील

हुनामल प्याऊ के पास सड़क के दोनों तरफ बने ब्रेकरों को नियमानुसार किया जाए दुरूस्त: कादयान

भिवानी-रोहतक मार्ग पर गांव नौरंगाबाद से खरक के बीच सफर करने वाले हजारों यात्रियों एवं वाहन चालकों के लिए राहत भरी खबर है। विभाग एवं प्रशासन ने मार्ग पर बने अनावश्यक एवं अत्यधिक ऊंचे स्पीड ब्रेकरों को हटा दिया है। प्रशासन के इस कदम का दैनिक यात्रियों ने स्वागत किया और इसे जनहित में लिया सराहनीय निर्णय बताया है। इस सकारात्मक बदलाव पर अपनी प्रतिक्रिया देते दैनिक यात्री सुनील कादयान, रविकांत सैनी, मिनू यादव व अनिल कादयान ने कहा कि ये ऊंचे ब्रेकर लंबे समय से राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बने हुए थे।

सुनील ने प्रशासन का धन्यवाद करते हुए कहा कि नौरंगाबाद से खरक के बीच बने ऊंचे ब्रेकर न केवल वाहनों को नुकसान पहुंचा रहे थे, बल्कि एंबुलेंस में जाने वाले गंभीर मरीजों के लिए जानलेवा साबित हो रहे थे। प्रशासन ने इन अवैध और ऊंचे ब्रेकरों को हटाकर आधुनिक एवं नियमानुसार स्पीड ब्रेकर लगाने का जो निर्णय लिया है, वह बेहद प्रशंसनीय है। इससे अब सबका सफर न केवल सुगम होगा, बल्कि समय की भी बचत होगी। क्षेत्र के लोगों ने मांग की कि हूनामल प्याऊ के पास सड़क के दोनों तरफ बने ब्रेकरों की स्थिति भी काफी खराब है,ये ब्रेकर मानकों के अनुरूप नहीं हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। यात्रियों ने अनुरोध किया कि इन ब्रेकरों को जल्द नियमानुसार दुरुस्त किया जाए, ताकि शहर में लगने वाले जाम और झटकों से लोगों को राहत मिल सके।

## लड़कियों की हैंडबॉल नर्सरी के लिए ली ट्रायल, 25 का चयन

प्रेमनगर बना खेलों का हब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



खेलों का हब गांव प्रेमनगर में लड़कियों की हैंडबॉल खेल नर्सरी के खिलाड़ियों के चयन के लिए ट्रायल का आयोजन किया गया। इस ट्रायल का आयोजन सरपंच राजेश कुमार, ग्राम विकास शिक्षा समिति के प्रैस प्रवक्ता रिटायर्ड प्रिंसिपल रमेश बूरा व हैंडबॉल कोच मनजीत सिंह की देखरेख में किया गया।

इस ट्रायल में 42 लड़कियों ने भाग लिया तथा अपने चयन के लिए खूब मशककत की। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर 25 खिलाड़ियों का लड़कियों की हैंडबॉल नर्सरी के लिए चयन किया गया। गौरतलब होगा कि गांव प्रेमनगर में फुटबॉल खेल नर्सरी, हॉकी नर्सरी सहित एथलेटिक्स अभ्यास पहले से ही चल र हे है। जिसमें प्रतिदिन करीबनन 200 खिलाड़ी अपना अभ्यास करते है। इस बारे ग्राम विकास एवं शिक्षा समिति के प्रैस प्रवक्ता रमेश बूरा रिटायर्ड प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार, बवानीखेड़ा के विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि, भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक के सहयोग और सरपंच राजेश कुमार के अथक प्रयत्नों के फलस्वरूप गांव प्रेमनगर खेलों का हब बना हुआ है। उन्होंने बताया कि सरपंच राजेश कुमार गांव व गांव के गणमान्य लोग इन खिलाडिय़ों को हर संभव सुविधाएं प्रदान कर रहे है। उन्होंने गांव की तरफ से सरकार विशेषकर विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि का गांव को खेलों का हब बनाने पर आभार जताया। सरपंच राजेश कुमार ने हैंडबाल नर्सरी के लिए चयनित बालिकाओं को शुभ कामनाएं और बधाई दी। इस अवसर पर शिक्षा समिति के प्रधान जोगेंद्र सिंह, महासचिव व कार्यकारी प्रधान जयवीर बरववर, सरपंच राजेश कुमार, पूव प्राचार्य रमेश बूरा, मास्टरर राज सिंह घणघस सहित कई खिलाड़ी मौजूद रहे।

#### विद्यार्थियों को दहेज प्रथा के रोकथाम की जानकारी दी

**बवानीखेड़ा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विद्यालय इंचार्ज सुनील शर्मा के नेतृत्व में प्रार्थना सभा के दौरान दहेज प्रथा के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर लीगल लिट्रेसी क्लब के इंचार्ज राजेन्द्र गोरी ने विद्यार्थियों को दहेज प्रथा की रोकथाम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने दहेज से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि यह कुप्रथा समाज के लिए अभिशाप है और इसके खिलाफ सख्त कानून बनाए गए हैं। विद्यार्थियों को इसके दुष्परिणामों से अवगत कराया गया तथा उन्हें जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया।

## चार्ज अधिकारी मकानों के सूचीकरण कार्य का निरीक्षण मौके पर जाकर करेंः एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

- नागरिकों से जनगणना कार्य से जुड़ी जानकारी ही पूछेः संदीप

एसडीएम संदीप कुमार ने बताया कि उपमंडल में सरकार के निर्देशानुसार गत एक मई से जनगणना-2027 का कार्य शुरू हो चुका है, जो आगामी 30 मई तक चलेगा। इस दौरान प्रगणकों द्वारा मकानों की सूचीकरण के साथ-साथ सरकार द्वारा जारी जनगणना हिदायतों के अनुसार जानकारियां जुटाई जा रही हैं।

इस दौरान किसी की भी अन्य महत्त्वपूर्ण जानकारियां नागरिकों से न पूछी जाए और कोई प्रगणक ऐसी जानकारी पूछता है तो नागरिक उन्हें कतई न बताएं। उन्होंने बताया कि मंगलवार पांच मई के बाद गणना में नियुक्त चार्ज अधिकारी फील्ड में जाकर मकानों की सूचीकरण कार्य का निरीक्षण कर रहे हैं। बता दें कि गत एक मई से घर-घर जाकर मकानों की सूचीकरण व मकानों की गणना कार्य शुरु हो गया है, जो 30 मई तक किया जाएगा। नागरिकों की सभी जानकारी पूरी तरह गोपनीय एवं सुरक्षित रखी जा रही हैं। इन आंकड़ों के आधार पर ही सरकार द्वारा भविष्य की योजनाएं और परियोजनाए निर्धारित कर उन्हें अम्लीजामा पहनाया जायेगा। एसडीएम ने बताया कि उपमंडल में अलग अलग ब्लॉक बनाए गए हैं। एक ब्लॉक में 700 से 900 की जनसंख्या है, करीब 150 से 200 मकान शामिल हैं। 30 मई तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा। भारत की जनगणना कै प्रथम चरण में प्रगणक घरों पर जाकर कुछ सामान्य जानकारियां नागरिकों से प्राप्त करेंगे।

अब स्कूलों की लाइब्रेरी में समाचार पत्रों के लिए बनेगा अलग कोना

# विद्यार्थियों में डाली जाएगी अखबार पढ़ने की आदत

- अखबार से हासिल की जानकारी के आधार पर होगी प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अपनी क्लास या सब्जेक्ट का कार्य पूरा होने के बाद अब जल्द ही स्कूलों में स्थित लाइब्रेरी में छात्रों के हाथों में अखबार के पेज होंगे। चूंकि प्रत्येक स्कूल के हरेक विद्यार्थी में अखबार पढ़ने की आदत विकसित की जाएगी।

इसके लिए स्कूलों में स्थित लाइब्रेरी में एक समाचार पत्रों के लिए कोना भी स्थापित किया जाएगा। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि शिक्षा विभाग ने किन किन क्लासों के बच्चों के लिए समाचार पत्र पठन की आदत विकसित करवाई जाएगी,लेकिन यह तय है कि जल्द ही स्कूलों में सुबह ही अखबार की प्रतियां पहुंचनी शुरू हो जाएगी। यह व्यवस्था सिरे चढने के बाद जो बच्चे रोजाना लाइब्रेरी में समाचार पत्र पढ़ेंगे। उन बच्चों की करंट अफेयरर्स क्वीज व अन्य तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जाएगा। ताकि बच्चों में अखबार पढ़ने की आदत बन सके और देश व विदेश की जानकारियों से हमेशा अपडेट रहे। जिसके लिए प्रत्येक स्कूल की लाइब्रेरी में एक हिंदी व एक अंग्रेजी अखबार का होना निहायत जरूरी है।



#### करंट अफेयर्स क्वीज प्रतियोगिताएं आयोजित हो

निर्देशों में कहा गया है कि स्कूलों में रोजाना बच्चे अखबार, समाचार पत्र पढ़े तो उनका करंट अफेयर की जानकारी बढेगी। कुछ दिनों के अंतराल के बाद दैनिक या साप्ताहिक समाचार पत्र पढने, करंट अफेयर्स, समाचार विश्लेषण, वाद विवाद प्रतियोगिता, समाचार आधारित लेखन एवं अनुवाद, हैडलाइन लेखन व अनुवाद अभ्यास, न्यूज बोर्ड व वॉल मैगजीन, आज का समाचार प्रस्तुती आदि पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना निहायत जरूरी है। इनके अलावा पत्रकारिता क्लब, मीडिया क्लब का गठन, महत्वपूर्ण राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय घटनाओं पर चर्चा सत्र का भी आयोजन किया जा सकता है।

**सुधरेगी शब्दावलीः** आज भी शिक्षा विभाग की नजरों में अखबार व समाचार पत्रों की बेहतरीन व शुद्ध शब्दाली होती है। जिस वजह से शिक्षा विभाग ने स्कूल में पढने वाले प्रत्येक बच्चे को अखबार की शब्दावली समझना निहायत जरूरी है। अखबारों के नियमित पढने से बच्चे की समझने की क्षमता बढती है। भेजे गए निर्देशों में कहा गया है कि विद्यार्थियों के जीवन में समाचार पत्रों का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। यह वर्तमान घटनाओं, सामान्य ज्ञान, भाषा विकास तथा आलोचनात्मक सोंच का एक महत्वपूण स्त्रोत है।रोजाना अखबार पढने से सामाजिक, आर्थिक, वैज्ञानिक और राजनीतिक घटनाओं के प्रति जागरूकता विकसित होती है। आज के तेजी से बदलते विश्व में जागरूक विद्यार्थी ही जिम्मेदार और समझदार नागरिक बनते हैं।

#### राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए चार बेचों का गठन

**चरखी दादरी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव संजीव काजला ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा 9 मई शनिवार को आयोजित किए जाने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए चार बेचों का गठन किया गया है। लोक अदालत जिला न्यायालय परिसर में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला व सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की चेयरमैन डॉ. गगनदीप कौर सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए बेंच में प्रेजायडिग अधिकारी के रूप में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सतीश कुमार, दूसरी बेंच में एसीजेएम परवीन, तीसरी बेंच में जेएमआईसी लक्ष्य गर्ग और चौथी बेंच में जेएमआईसी अन्नू, को प्रेजायडिग अधिकारी नियुक्त किया गया है। इन बेचों द्वारा विभिन्न प्रकार के कैसे जैसे सिविल, क्रिमिनल, कंपाउंडेबल, बैंक रिकवरी, एमएसीटी , वैवाहिक चेक बाउंस व अन्य प्री लिटिगेशन आदि की सुनवाई की जाएगी।

# कोई बना स्टैच्यू, किसी ने नंगे पैर की शिरकत

## मेट गाला में पहुंचे कैटी -मेडोना से लेकर रिहाना तक कई सेलेब्स

*लॉस एंजिल्स। 78वें मेट गाला में दुनिया भर की तमाम दिग्गज हस्तियों का जमावड़ा लगा। इस दौरान कैटी पेरी और टेयाना टेलर से लेकर बियान्से, मैडोना, किम कार्दशियन, निकोल किडमैन, केंडल जेनर और सबरीना कारपेंटर जैसे कई सेलेब्स के नाम शामिल हैं। इस दौरान कैटी पेरी जहां एस्ट्रोनॉट वाले लुक में पहुंचीं, वहीं डोएची और हैदी क्लैम जैसे कई अन्य सितारों के आउटफिट ने भी लोगों का ध्यान खींचा।*

### सोने की साड़ी, मैंगो पर्स, ईशा ने अपने लुक से किया अट्रेक्ट



ईशा अंबानी पिछले कई साल से मेट गाला में हिस्सा ले रही हैं। इस बार भी ईशा मेटा गाला में अपने लुक को लेकर चर्चा में आ गई हैं। उन्होंने इस फैशन इवेंट में सोने की साड़ी, गजरा और मैंगो पर्स लेकर सभी को अट्रैक्ट किया है। सोने सी दमकती साड़ी, हाथों में सजा गजरे साथ कैरी किया गया अनोखा मैंगो-शेप्ड पर्सउनके लुक में चार चांद लगा रहा. ईशा अंबानी का यह पूरा लुक रॉयल लेकिन बेहद सॉफ्ट और ग्रेसफुल था। उनके इस लुक में हर छोटी-बड़ी डिटेल बेहद सोच-समझकर चुनी गई थीचाहे वह साड़ी का टेक्सचर हो, ज्वेलरी का सिलेक्शन या फिर कैरी किया गया मैंगो पर्स।

### अनन्या ने लाइमलाइट बटोरी

अनन्या बिड़ला ने मेट गाला 2026 में अपने डेब्यू से धूम मचा दी। उनका स्टाइलिश अंदाज इंटरनेट पर छाया हुआ है। बता दें कि इस बार इवेंट का थीम 'फैशन इज आर्ट' था। अनन्या बिड़ला फेमस डिजाइनर रॉबर्ड वुन के आउटफिट को स्टाइल किया था। ऑल-ब्लैक गाउन के साथ ब्लू का कॉम्बिनेशन काफी शानदार लग रहा है और उनके लुक को क्लासी बना रहा था। उन्होंने मैटेलिक मास्क के साथ अपने लुक को पूरा किया, जो उनके लुक की हाईलाइट बना। इस मास्क की वजह से उनका लुक अलग स्टैंडआउड कर गया और काफी वायरल हो रहा है। अनन्या बिड़ला के काम के साथ उनका स्टाइलिश अंदाज भी काफी चर्चा में रहता है।



**कैटी** : अमेरिकी गायिका कैटी पेरी मेट गाला 2026 की रेड कार्पेट पर बिल्कुल अलग अंदाज में पहुंचीं। सफेद रंग के आउटफिट में कैटी पेरी ने चेहरे पर एक अजीब तरह का मास्क लगाया हुआ था, जो एस्ट्रोनॉट जैसा लुक दे रहा था।

**टेयाना टेलर** : एक्ट्रेस टेयाना टेलर ने 2026 मेट गाला में खास सिल्वर फ्रिंज गाउन पहना था। फर्श तक लंबा यह गाउन पूरी तरह से लंबे, चमकदार मेटैलिक सिल्वर फ्रिंज से ढका हुआ है। इस लुक की खासियत एकइं टीग्रेटेड फ्रिंज हुड है, जो उनके बालों को ढकता है और उनके चेहरे पर आता है।

**बियान्से** : सिंगर-एक्ट्रेस बियान्से मेट गाला में नेक्ड स्कल्टन आउटफिट में पहुंचीं। स्किन कलर के मेश गाउन को चमकदार क्रिस्टल और हीरों से सजाया गया है। इसके ऊपर एक विशाल, रंगीन पंखों वाला कोट है।

**रिहाना** : सिंगर रिहाना ने ग्लेन मार्टेंस द्वारा डिजाइन किए गए इस खास मेसन मार्जिएला आर्टिसनल लुक में 2026 मेट गाला के रेड कार्पेट पर पहुंचीं। इस लुक की सबसे आकर्षक विशेषता उनके कंधों पर लिपटा हुआ गहरे रंग के इस झुर्रीदार कपड़े को एक फोटो फ्रेम की तरह बनाया गया है।

**किम कार्दशियन** : किम कार्दशियन के 2026 मेट गाला के आउटफिट को चमड़े के कारीगरों के अनूठे सहयोग से डिजाइन किया गया। इसका मुख्य आकर्षण एक चमकदार, नारंगी रंग का फाइबरग्लास बॉडीसूट है। इसमें नीचे लेदर की स्कर्ट है।

**डोएची** : अमेरिकी रैपर-सिंगर डोएची के आउटफिट ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। वो एक बरगंडी रंग के कस्टम आउटफिट में रेड कार्पेट पर पहुंचीं। यह एक बेहद पतला, बहने वाला बरगंडी रैप ड्रेस है जिसमें एक कट-आउट बॉडीस है और एक बोल्ड लेग स्प्लिट है। उन्होंने ड्रेस के साथ एक बड़ा, मैचिंग बरगंडी टर्बन या हेड रैप पहना था। सबसे खास बात यह है कि डोएची ने रेड कार्पेट पर नंगे पैर चलना चुना।

**मैडोना** : अमेरिकी सिंगर-एक्ट्रेस मैडोना का लुक भी ध्यान आकर्षित करने वाला रहा। एक लंबी काली सेमी-शीर आउटफिट के साथ एक बड़े ग्रे कलर रंग का पारदर्शी घूंघट है जो उनके चारों ओर फैला हुआ है। इसके साथ उन्होंने एक काली टॉप हैट पहनी है, जो एक ऊंचे, विस्तृत मूर्तिकलानुमा हेडपीस का आधार है।



**जेनेल मोने** : सिंगर-रैपर व एक्ट्रेस जेनेल मोने मेट गाला की रेड कार्पेट पर अनोखे आउटफिट में पहुंचीं। उन्होंने एक अनोखा गाउन पहना, जो प्रकृति और टेक्नोलॉजी को दिखाता है। इस फ्लोर-लेंथ गाउन को असली बिजली के केबल, कंप्यूटर वायरिंग और सर्किट बोर्ड और मदरबोर्ड के कंस्ट्रक्टेड टुकड़ों का उपयोग करके बनाया गया था। इसमें आठ पौधे और असली काई के पैच शामिल थे।



**हॉलीवुड मसाला**



## फिल्ममेकिंग करना चाहती हैं

लॉस एंजिल्स। न्यूयॉर्क में आयोजित मेट गाला 2026 में वैसे तो रिहाना से लेकर काइली जेनर और ईशा अंबानी से सबरीना कारपेंटर तक सब पहुंचे, लेकिन अपनी खूबसूरती के कारण मजमा लूट ले गईं निकोल किडमैन की बेटी। 17 साल की संडे रोज़ को देख हर कोई फिदा है। संडे रोज़ अभी तक फिल्मी दुनिया का पूरी तरह से हिस्सा नहीं बनी हैं। एक इंटरव्यू में संडे रोज़ ने बताया था कि वह आगे फिल्ममेकर बनना चाहती हैं। उन्होंने कहा, 'असल में 5 साल की उम्र से ही फिल्ममेकिंग मेरा सपना रहा है।



## क्रिस्टोफर की द ओडिसी का नया ट्रेलर रिलीज...

लॉस एंजिल्स। क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म द ओडिसी का नया ट्रेलर जारी हो गया है। इसमें मैट डेमन को ओडीसियस के रूप में दिखाया गया है और ट्रोजन युद्ध के बाद उनकी खतरनाक घर वापसी की यात्रा को करीब से देखा जा सकता है। यूनिवर्सल पिक्चर्स की यह फिल्म 17 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर में ओडीसियस को इथाका राज्य लौटने की कोशिश करते हुए दिखाया गया है, जहां उनकी पत्नी पेनेलोप (ऐनी हैथवे द्वारा अभिनीत) और उनके बेटे टेलीमाकस (टॉम हॉलैंड द्वारा अभिनीत) पर खतरा बढ़ता जा रहा है। फिल्म ग्रीक पौराणिक कथा के नायक ओडीसियस की कहानी पर आधारित है। इस किरदार को मैट डेमन ने निभाया है। ट्रेलर में ग्रीक हीरो को लंबी, टॉर्चर और फिक्शनल घर वापसी की यात्रा पर दिखाया गया है।



## इरफान-विद्या की फिल्म द लास्ट टेनेंट...

**मुंबई।** करीब 25 साल पुरानी एक फिल्म आखिरकार अब यूट्यूब पर रिलीज कर दी गई है। इस फिल्म में दिवंगत अभिनेता इरफान खान और विद्या बालन एक साथ नजर आते हैं। ये फिल्म उस समय कुछ कारणों से रिलीज नहीं हो पाई थी, लेकिन हाल ही में इसे यूट्यूब पर रिलीज कर दिया गया है। दिवंगत एक्टर इरफान खान अपनी शानदार एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं, वहीं विद्या बालन भी बॉलीवुड में कई शानदार फिल्में कर चुकी हैं। इन दोनों की फिल्म, जो 25 साल पहले शूट हुई थी। उसे मंगलवार को आखिरकार रिलीज कर दिया गया है। फिल्म का नाम 'द लास्ट टेनेंट'है। यह फिल्म विद्या बालन के करियर के शुरुआती दौर की है, जिसे काफी समय पहले शूट किया गया था। मूवी किसी वजह से रिलीज नहीं हो पाई और करीब दो दशकों से ज्यादा समय तक बंद पड़ी रही।



## धमाल मचाने को तैयार सूर्या और तृषा

**नई दिल्ली।** सूर्या की आगामी फिल्म 'करुप्पु' ने अपनी सेंसर प्रक्रिया पास कर ली है और इसे पास कर दिया गया है। यह फिल्म 14 मई को रिलीज होने जा रही है। सेंसर बोर्ड से हरी झंडी मिलने के बाद यह फिल्म अपने तय समय पर रिलीज को तैयार है। इसमें सूर्या के साथ तृषा की जोड़ी जमेगी। आरजे बालाजी द्वारा निर्देशित एक्टर सूर्या की फिल्म 'करुप्पु' एक एक्शन ड्रामा मूवी है। यह वर्ल्डवाइड रिलीज होगी। सेंसर प्रक्रिया से गुजरने के बाद फिल्म को 'U/A' सर्टिफिकेट मिल गया है। फिल्म के टीजर और अन्य प्रमोशनल वीडियो ऑनलाइन रिलीज होने के बाद से ही इसने लोगों में काफी दिलचस्पी जगाई है। इस फिल्म में अभिनेत्री तृषा फीमेल लीड रोल कर रही हैं। वे एक वकील की भूमिका निभा रही हैं। इसमें उनका नाम प्रीति है।

**टीवी मसाला**



## राकेश और दिलीप के साथ पोज देते हुए नजर आए मंदार

**नई दिल्ली।** मशहूर टीवी सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में भिड़े मास्टर का रोल करने वाले अभिनेता मंदार चांदवडकर ने दिग्गज कलाकार राकेश बेदी और दिलीप जोशी के साथ अपनी एक खास तस्वीर शेयर की। इसी के साथ उन्होंने दोनों को 'धुरंधर' और लीजेंड अभिनेता बताया है। मंदार चंदवादकर ने राकेश बेदी और दिलीप जोशी के साथ अपनी एक खास तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की है। राकेश बेदी हाल ही में 'धुरंधर' फिल्म में जमील जमाली का रोल करके चर्चा में बने हुए हैं। वहीं दिलीप जोशी 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' शो में जेठालाल गड़ा का किरदार निभाया है। तीनों में काफी अच्छी दोस्ती है।मंदार चंदवादकर ने इंस्टाग्राम पर अपने दोस्तों संग इस खास तस्वीर को शेयर किया। इसी के साथ मंदार ने कैप्शन में लिखा, 'धुरंधर 1' और 'धुरंधर 2' के साथ, इन दो दिग्गजों के साथ स्क्रीन पर काम करना बहुत खुशी और मजेदार अनुभव रहा। भगवान का शुक्रिया।' इन तीनों की तस्वीरों पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं। दर्शकों के बीच लोकप्रिय शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' भारत के ज्यादातर घरों में देखा जाता है। यह एक कॉमेडी और फैमिली ड्रामा टीवी शो है। यह शो मुंबई की गोकुलधाम सोसाइटी में रहने वाले परिवारों की मस्ती और रोजमर्रा की जिंदगी पर आधारित है। मंदार चांदवडकर सिर्फ टीवी शो ही नहीं बल्कि थिएटर में भी अच्छा काम करते हैं। उन्होंने अपना खुद का थिएटर ग्रुप बनाया है। वह कई हिंदी-मराठी नाटकों में अभिनय और निर्देशन किया है। उन्होंने 30 से ज्यादा टीवी सीरियल्स में भी काम किया है।

### एक्टिंग छोड़कर अब चुना अध्यात्म का रास्ता

**नई दिल्ली।** टीवी की अभिनेत्री रहीं एना जयसिंघानी इन दिनों चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने अपने बारे में अहम खुलासा किया है। जयसिंघानी ने अपने करियर की शुरुआत एकता कपूर के शो से की थी। बाद में उन्होंने इंडस्ट्री छोड़ दी। अब उन्होंने अध्यात्म का रास्ता चुन लिया है। वह वृंदावन में भगवान कृष्ण की भक्ति में लीन हैं। अन्ना जयसिंघानी एक पूर्व टेलीविजन अभिनेत्री और कोरियोग्राफर हैं। उन्होंने अपनी अभिनय की ट्रेनिंग बालाजी टेलीफिल्म्स से ली थी। यह एकता कपूर का प्रोडक्शन हाउस है। अन्ना को 'देखा एक ख्वाब' जैसे सीरियल्स से काफी शोहरत मिली। वह 'सावधान इंडिया' और 'क्राइम पेट्रोल' जैसे क्राइम-बेस्ड शो में भी नजर आ चुकी हैं। इन शो की मदद से टीवी की दुनिया में उनके करियर को एक नई उड़ान मिली। मध्य प्रदेश के ग्वालियर से ताल्लुक रखने वाली एना ने हाल ही में यूट्यूब चैनल मेरो वृंदावन के साथ बातचीत में बताया कि उन्होंने अपना जीवन कृष्ण भक्ति को समर्पित कर दिया है।



## विक्की बनेंगे चौथे इडियट! 10 साल आगे बढ़ेगी कहानी

**मुंबई।** भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे पसंदीदा फिल्मों में से एक को आखिरकार सीक्वल मिल रहा है और इसके साथ ही इसकी कास्ट में एक बड़ा नया नाम जुड़ सकता है। हाल ही में आई खबरों के अनुसार, राजकुमार हिरानी की 2009 की ब्लॉकबस्टर फिल्म '3 इडियट्स' के सीक्वल '4 इडियट्स' में शामिल होने के लिए विक्की कौशल से बातचीत चल रही है। एक्टर को चौथे इडियट के रोल के लिए चुना जा रहा है, जिसके बाद वह आमिर खान, आर. माधवन और शरमन जोशी के साथ जुड़ेंगे। यह बॉलीवुड के इतिहास में सबसे बड़ी कास्टिंग में से एक साबित हो रही है। विक्की कौशल से न केवल इस रोल के लिए संपर्क किया गया है, बल्कि उन्होंने इसमें इंट्रेस्ट भी दिखाया है। उम्मीद है कि उनका किरदार कहानी में एक नया इमोशनल फैक्टर जोड़ेगा और केमिस्ट्री को और मजबूत करेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि विक्की कौशल आमिर खान के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं और उस मशहूर फिल्म का हिस्सा बनना चाहते हैं जिसे हर कोई याद रखता है। जिन लोगों को जानकारी नहीं है, उन्हें बता दें कि विक्की कौशल इससे पहले निर्देशक राजकुमार हिरानी के साथ 'संजू' (2018) और 'डंकी' (2023) दोनों फिल्मों में काम कर चुके हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि बातचीत शुरुआत के फेज से काफी आगे बढ़ चुकी है, क्योंकि कई मीटिंग्स हो चुकी हैं और विक्की कौशल ने इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने की इच्छा जताई है। गौरतलब है कि '4 इडियट्स' के लिए पूरी तरह से श्योर होने से पहले, विक्की कौशल को 'महावतार' पर अपना काम पूरा करना होगा, जिसके लिए एक शूटिंग शेड्यूल की जरूरत है और जिसकी शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है। इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया है कि फिल्म पर काम लगातार जारी है। डायरेक्टर राजकुमार हिरानी अपने लंबे समय के सहयोगी और लेखक अभिजात जोशी के साथ कहानी पर काम कर रहे हैं। '4 इडियट्स' पर काम 2027 से शुरू होने की उम्मीद है।




### 4 इडियट्स की क्या होगी कहानी?

आमिर खान ने हाल ही में अमर उजाला को दिए एक इंटरव्यू में इस प्रोजेक्ट की आधिकारिक पुष्टि की। आमिर खान ने खुद कहानी के बारे में एक अहम जानकारी देते हुए बताया कि यह फिल्म '3 इडियट्स' के अंत से दस साल आगे की कहानी है। इस समय के गैप में यह दिखाया जाएगा कि बीते साल में इन किरदारों में क्या बदलाव आए हैं, साथ ही नए संघर्ष और चुनौतियां भी सामने आएंगी। बताया जा रहा है कि आमिर '4 इडियट्स' पर काम शुरू करने से पहले एक और फिल्म पूरी कर रहे हैं, ताकि उनकी फिल्म बाकी कलाकारों के साथ तालमेल बिठा सके।

## भूतिया महल की कहानी को लेकर लौटे मिमोह, हॉन्टेड 3डी का टीजर आउट...

**मुंबई।** 1920 और शापित जैसी हॉरर फिल्मों के लिए मशहूर फिल्म निर्माता-निर्देशक विक्रम भट्ट की 'हॉन्टेड 3डी एकोस ऑफ द पास्ट' का टीजर रिलीज कर दिया गया है। यह एक हॉरर फिल्म है। इसके साथ ही निर्माताओं ने अपनी नई हॉरर फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' की रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। फिल्ममेकर्स ने आज 5 मई मंगलवार को फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' का टीजर रिलीज कर दिया है। 'हॉन्टेड 3डी' के टीजर की शुरुआत एक कार में सुनसान सड़क पर मिमोह चक्रवर्ती को गाड़ी में बैठे दिखाया जाता है, जिसका यह सफर एक महल पर जाकर रुकता है। महल में पहुंचते ही कुछ अजीब घटनाएं होनी शुरू हो जाती हैं, जिसके बाद चेतना पांडे की एंट्री होती है। टीजर में रहस्यों से पर्दा नहीं उठाया गया है, लेकिन कई सींस देखने में बेहद डरावने और रोंगटे खड़े करने वाले हैं। निर्देशक विक्रम भट्ट की फिल्म 'हॉन्टेड 3डी एकोस ऑफ द पास्ट' 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म को हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषा में रिलीज किया जाएगा। पहले यह फिल्म 21 नवंबर, 2025 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन फिल्म की रिलीज को बदलकर 30 जनवरी 2026 और फिर 6 फरवरी 2026 तक टाल दिया गया। अब मेकर्स ने फिल्म को 12 जून को रिलीज करने का फैसला किया है। 'हॉन्टेड 3डी' में मिमोह चक्रवर्ती और चेतना पांडे मुख्य भूमिका में हैं। इन दोनों के अलावा फिल्म में श्रुति प्रकाश, गौरव बाजपेयी, प्रणीत भट्ट और हेमंत पांडे हैं।



## धमाकेदार है ये वीक, लुक्खे से डकैत तक

# ओटीटी पर दस्तक देंगी ये रोमांचक फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। बीते हफ्ते सिनेमाघरों में कई फिल्में रिलीज हुईं। इनमें 'राजा शिवाजी' सबसे ज्यादा चर्चा बटोर रही है। इसके अलावा रोमांटिक फिल्म 'एक दिन' ने भी दस्तक दी। वहीं, ओटीटी पर भी बीता वीक कम दिलचस्प नहीं रहा। हालांकि, घर बैठे कुछ दिलचस्प देखने वालों के लिए यह वीक भी निराश नहीं करेगा।*

### लुक्खे सीरीज



वेब सीरीज 'लुक्खे' इस वीक रिलीज हो रही है। यह एक म्यूजिक क्राइम-सस्पेंस सीरीज है। इसमें राशि खन्ना, पलक तिवारी, किंग जैसे सितारे हैं। किंग इसके जरिए एक्टिंग डेब्यू कर रहे हैं। राशि खन्ना खाकी वर्दी पहने नजर आएंगी। वे पुलिस ऑफिसर गुरबानी का रोल निभा रही हैं। क्राइम, ड्रग्स, म्यूजिक और बदले की भावना पर आधारित इस सीरीज में एक्शन भी भरपूर है। इसका निर्देशन हिमांक गौर ने किया है। वेब सीरीज 'लुक्खे' 08 मई को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

### डकैत



सिनेमाघरों के बाद फिल्म 'डकैत' अब ओटीटी पर आ रही है। आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर की यह एक्शन-थ्रिलर फिल्म है। यह फिल्म 8 मई 2026 से प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। यह फिल्म 10 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। मगर, 'धुरंधर 2' और 'भूत बंगला' जैसी फिल्मों के सामने टिक नहीं पाई।

### लव इंश्योरेंस कंपनी



यह तमिल रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। 10 अप्रैल 2026 को यह सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब तमिल, हिंदी, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आएगी। 6 मई 2026 से यह प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

### वाझा 2



मलयालम फिल्म वाझा 2 सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन के बाद अब ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। 2 अप्रैल 2026 को रिलीज हुई इस फिल्म ने 200 करोड़ क्लब में एंट्री ली है। दर्शकों से इसे खूब प्यार मिला। सविन एसए के निर्देशन में बनी यह एक कॉमेडी-ड्रामा फिल्म है। यह साल 2024 की हिट फिल्म का सीक्वल है। 08 मई से वाझा 2 को जियो हॉटस्टार पर देखा जा सकता है। यह फिल्म चार दोस्तों के जीवन पर आधारित है।

## खबर संक्षेप



भिवानी। कार्यक्रम का द्वीप प्रज्ज्वलन करके शुभारंभ करते अतिथि।

### बधवाना में ब्रह्माकुमारीज पाठशाला का उद्घाटन

**भिवानी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि की झोझूकलां शाखा के तत्वावधान में बधवाना गांव में ब्रह्माकुमारीज पाठशाला का दिव्य उद्घाटन आध्यात्मिक गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माउंटआबू से पधारे राजयोगी ब्रह्माकुमार बीरेंद्र भाई, राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन, सामाजिक कार्यकर्ता राजेंद्र यादव आदि ने रिबन काटकर, द्वीप प्रज्ज्वलित एवं शिव ध्वजारोहण करके किया। ब्रह्माकुमार बीरेंद्र भाई ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज पाठशाला समाज में आध्यात्मिक जागरूकता, नैतिक मूल्यों एवं श्रेष्ठ संस्कारों के विकास का सशक्त माध्यम है।

### शिकायतों का निस्तारण समयबद्धता के साथ करें

**भिवानी।** लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में सीएम विंडो की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम विंडो शिकायतों के निस्तारण में समयबद्धता के साथ गुणवत्ता भी सुनिश्चित करें। समीक्षा बैठक में सीटीएम अनिल कुमार, डीएमसी हरबीर सिंह, एसडीएम लोहारू मनोज दलाल भी मौजूद रहे।

### पानी के टैंक में डूबने से युवक की मौत

**महेंद्रगढ़।** गांव नांगल सिरोही में पानी के टैंक में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक युवक अपने मामा मामी के पास रहता था। मृतक के चाचा प्रदीप कुमार ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह गांव बिहाली का स्थाई निवासी है। उसका भतीजा मोहित कुमार गांव बिहाली हाल आबाद नांगल सिरोही अपने मामा मामी के पास रहता था। बीती चार मई को मोहित नांगल सिरोही में पानी के टैंक के पास बैठा हुआ था। पानी के पास पैर स्लिप होने के कारण मोहित पानी में डूब गया और उसकी मृत्यु हो गई।

### पौधरोपण कर मनाया पूर्व सीएम का जन्मदिन

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा नगर पालिका प्रधान सुंदर अत्री द्वारा केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के जन्मोत्सव के अवसर पर निजी शिक्षण संस्थान में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। नगर पालिका अध्यक्ष सुंदर अत्री ने बच्चों के साथ मिलकर विद्यालय प्रांगण में पौधे लगाए तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करना हम सभी की जिम्मेदारी है। साथ ही बच्चों को पौधों की देखभाल करने और पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल सरल एवं सौम्य स्वभाव के धनी हैं।

---

### वन नेशन-वन एजुकेशन के लिए गांव-गांव जाकर किया जाएगा जागरूक

# राज्यपाल के नाम सौंपे ज्ञापन में कहा वीआईपी संस्कृति हो पूरी तरह समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

- नेताओं की पेंशन बंद कर जनता को मुफ्त देने पर ध्यान दे सरकार,
- शिक्षा और चिकित्सा व्यापार नहीं, बल्कि मौलिक अधिकार होने चाहिए

प्रदेश में जनहित की मांगों और किसानों के अधिकारों को लेकर ग्राम स्वराज किसान मोर्चा ने मंगलवार को शहर में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद मोर्चा के पदाधिकारियों ने राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपकर अपनी 6 सूत्रीय मांगों को तुरंत पूरा करने की मांग की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और चेतावनी दी कि यदि इन मांगों पर जल्द विचार नहीं किया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। ग्राम स्वराज किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र तालु व लीगल सैल के प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता देवेंद्र सोढ़ी के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन की अध्यक्षता ग्राम स्वराज किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष राज सिंह धनाना, स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी कल्याण संगठन के अध्यक्ष महेंद्र पाल यादव, मोर्चा की लीगल सैल की जिला अध्यक्षा एडवोकेट मुकेश ढाणीमाहु, मोर्चा के युवा जिला प्रधान भागुराम तोशाम ने की तथा संचालन प्रदेश महासचिव मा. रघुबीर सिंह भेरा व जिला सचिव जंगबीर अलखपुरा ने किया। ज्ञापन के माध्यम से मोर्चा पदाधिकारियों ने सरकार को चेतावनी दी गई है कि यदि इन न्यायोचित मांगों पर सकारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो ग्राम स्वराज किसान मोर्चा गांव-गांव जाकर लोगों को एकजुट करेगा और एक बड़े राज्यव्यापी आंदोलन का बिगुल फूंकेगा।



भिवानी। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो: हरिभूमि

#### 2014 से पहले की खेल नीति लागू करें

प्रदर्शन उपरांत राज्यपाल के नाम सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से ग्राम स्वराज किसान मोर्चा ने मांग की कि प्रदेश में नेताओं और अधिकारियों के लिए जारी वीआईपी संस्कृति को पूरी तरह समाप्त किया जाए, 2014 से पहले की प्रभावी खेल नीति को फिर से लागू किया जाए, प्रदेश में स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों को मिलने वाले आरक्षण को बहाल किया जाए, शिक्षा और चिकित्सा पूरी तरह सरकार के नियंत्रण में हो और नागरिकों को मुफ्त दी जाए, जनता के सेवक कहलाने वाले जनप्रतिनिधियों की मोटी पेंशन पर रोक लगाई जाए, पूरे देश और प्रदेश में समान पाठ्यक्रम और एक जैसी शिक्षा प्रणाली लागू हो।

#### पेंशन बंद करें

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र तालु ने कहा कि आज किसान और आम आदमी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा है, जबकि सत्ता में बैठे लोग वीआईपी कल्चर का आनंद ले रहे हैं। हमारी मांग स्पष्ट है कि विधायकों और सांसदों की पेंशन बंद की जाए और वह पैसा शिक्षा व स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्रों में लगाया जाए। ग्राम स्वराज किसान मोर्चा तब तक चैन से नहीं बैठेगा जब तक एक राष्ट्र-एक शिक्षा का सपना साकार नहीं हो जाता। इस मौके पर मोर्चा के लीगल सैल के प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता देवेंद्र सोढ़ी ने कानूनी और सामाजिक दृष्टिकोण रखते हुए कहा कि संविधान समानता की बात करता है, लेकिन व्यवस्था में वीआईपी कल्चर एक बड़ी खाई पैदा कर रहा है। हम कानून के दायरे में रहकर अपनी मांगों को राज्यपाल तक पहुंचा रहे हैं।

---

## उपायुक्त के निर्देश पर जन स्वास्थ्य विभाग ने स्लैब को दुरुस्त करवाया

- राशनिंग प्रणाली लागू होने से सभी को मिलेगा पेयजल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता द्वारा जनसमस्याओं पर तुरंत प्रभाव से संज्ञान लिया जा रहा है। इसी कड़ी में कमला नगर मोड़ स्थित प्रणामी मंदिर के सामने पानी की वॉल्व होदी की क्षतिग्रस्त स्लैब, पाइप लाइन लीकेज तथा हनुमान गेट एवं बिचला बाजार क्षेत्र में पेयजल समस्या के मामले डीसी के संज्ञान में आए। डीसी ने इन समस्याओं के समाधान के लिए जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को तुरंत पकार्रवाई के निर्देश दिए। डीसी के निर्देशों के बाद जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता कपिल देव अन्य कर्मचारियों के साथ लेकर मौके पर पहुंचे। उन्होंने सर्कुलर रोड स्थित कमला नगर मोड़ के पास वाल्व होदी की जर्जर स्लैब को देखा, जिससे आमजन को परेशानी बनी थी। कार्यकारी अभियंता ने बताया कि स्लैब को दुरुस्त किया गया है, जिससे आवागमन सुरक्षित हो गया है। वहीं हनुमान गेट और बिचला बाजार क्षेत्र में जल आपूर्ति पहले ही बहाल की जा चुकी है, लेकिन जल भंडारण टैंकों में सीमित पानी उपलब्ध होने के कारण विभाग द्वारा राशनिंग प्रणाली लागू की गई है। क्षेत्रवासियों को एक दिन छोड़कर पानी की आपूर्ति की जा रही है ताकि सभी उपभोक्ताओं को न्यूनतम जल उपलब्ध हो सके। विभाग के अनुसार नहर में पानी आने की संभावित तिथि 11 मई है। नहर में जलापूर्ति पुनः शुरू होते ही पेयजल आपूर्ति को पूर्ण रूप से नियमित और सुचारु कर दिया जाएगा।



पाइप लाइन रिपेयर करते हुए।

#### लीकेज ठीक की

सर्कुलर रोड के बीच पाइप लाइन लीकेज की शिकायत मिली, जिस पर संबंधित जेई को तकनीकी टीम सहित मौके पर निरीक्षण हेतु भेजा गया। मौके पर जांच में पाया कि क्षेत्र में बिछी हुई पानी की पाइपलाइन में लीकेज की समस्या उत्पन्न हो रही थी। क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की सही स्थिति की पहचान की गई, जिसके उपरांत मरम्मत कार्य तुरंत प्रारंभ कर दिया गया। उक्त क्षेत्र में पाईपलाइन से बार-बार लीकेज की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। चूंकि यह पाइपलाइन चौगान माता मंदिर के नीचे से होकर गुजर रही थी, इसलिए बार-बार मरम्मत हेतु खुदाई करना आवश्यक हो जाता था, जिससे समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं हो पा रहा था। समस्या की गंभीरता को देखते हुए विभाग द्वारा इस पाइप लाइन को पूर्ण रूप से बदलने का निर्णय लिया गया। नई पाइपलाइन डालने का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। पाइपलाइन की गुणवत्ता के लिए 1-2 दिनों तक इसका परीक्षण किया जाएगा।

---

### आसलवास दुबिया में संतलाल कालीरामण का अंतिम संस्कार, क्षेत्र में शोक की लहर



स्व .संतलाल कालीरामण। फाइल फोटो

**भिवानी।** आसलवास दुबिया में सरस्वती विद्या विहार के संस्थापक संतलाल कालीरामण का अंतिम संस्कार पूरे सम्मान के साथ किया गया। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में ग्रामीण, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, शिक्षाविद् और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संतलाल कालीरामण सरस्वती विद्या विहार के चेयरमैन राजबीर सिंह के पिता थे और उन्होंने अपने जीवनकाल में शिक्षा व समाज सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वे एक सरल, मिलनसार और समाज के प्रति समर्पित व्यक्तित्व के धनी थे। उनके द्वारा स्थापित सरस्वती विद्या विहार संस्था आज भी क्षेत्र में शिक्षा के प्रसार में अहम भूमिका निभा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि संतलाल कालीरामण हमेशा समाज के कमजोर वर्गों की सहायता के लिए तत्पर रहते थे। उनके प्रयासों से ही गांव में शिक्षा का स्तर बेहतर हुआ और अनेक विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की दिशा मिली। अंतिम यात्रा के दौरान "राम नाम सत्य है" के उद्घोष के बीच नम आंखों से लोगों ने उन्हें विदाई दी। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। संतलाल कालीरामण का निधन क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। उनका सामाजिक योगदान और शिक्षण के प्रति समर्पण हमेशा लोगों को प्रेरित करता रहेगा।

## विकास स्कूल राजगढ़ में मनाया हैंड वाश डे

- साफ हाथों में भी हो सकता है मैल: सुदेश कुमारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

उप स्वास्थ्य केंद्र, राजगढ़ से एमपीएचडब्ल्यू सुदेश कुमारी को विकास उच्च विद्यालय, राजगढ़ में हैंड वाश डे मनाने के लिए आमंत्रित किया गया। सुदेश कुमारी ने बताया कि हमारे साफ हाथों में भी मेल हो सकता है।

इस बात को समझाने के लिए उन्होंने दो कांच के गिलास लिए। एक गिलास में जग से साफ पानी भरा और उसे बच्चों को दिखाया कि देखो यह कितना साफ लग रहा है। फिर तीन-चार बच्चों को बुलाया जिनके हाथ पहले से साफ लग रहे थे। उनके हाथों को एक ट्रे में धुलवाया और उस पानी को दूसरे कांच के गिलास में डालकर दिखाया जो बिल्कुल मैला हो चुका था। इससे बच्चों को समझ आ गया कि हमारे साफ दिखने वाले हाथों में भी कितना मेल होता है।

इसके बाद सुदेश कुमारी ने हाथ धोने के कई तरीकों के बारे में बताया और बच्चों को हमेशा इसी प्रकार हाथ धोने की सलाह दी। बच्चों को उनके द्वारा दी गई हाथ धोने की जानकारी बहुत अच्छी लगी और जोरदार तालियां बजाकर उनका धन्यवाद किया।



भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक। फोटो: हरिभूमि

#### खाना खाने से पहले हाथ अवश्य धोएं

प्रधानाचार्य हरिराम स्वामी ने भी बच्चों को बताया कि हमें खाना खाने से पहले और बाद में हाथ अवश्य धोने चाहिएं। जब भी बाहर से आते हैं हाथ अवश्य धोएं। शौचालय का उपयोग करने के बाद, खेलने के बाद, किसी बीमार व्यक्ति से मिलकर घर पर लौटने पर हाथ अवश्य धोएं। उन्होंने बताया कि हाथ अच्छे से नहीं धोते हैं तो बच्चों में दस्त, पेचिश, निमोनिया, पीलिया और उल्टी आदि अनेक बीमारियां लगने की संभावना रहती है। स्टाफ ने सुदेश कुमारी को उपहार देकर सम्मानित किया।



### अनुसंधान कार्य में डेटा संग्रहण तथा विश्लेषण का विशेष महत्व

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग में विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास को ध्यान में रखते हुए मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एम.डी.यू. विश्वविद्यालय से पधारे प्रोफ़ेसर जितेन्द्र प्रसाद (विभागाध्यक्ष, समाजशास्त्र एवं सामाजिक कार्य विभाग) ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इस दौरान प्रोफ़ेसर जितेन्द्र प्रसाद ने समाजशास्त्रीय सिद्धांतों, अनुसंधान कार्य एवं फील्डवर्क के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि समाजशास्त्र में सिद्धांत और व्यवहार दोनों का समान महत्व है तथा फील्डवर्क के माध्यम से ही विद्यार्थी वास्तविक समाज को समझ सकते हैं। उन्होंने बताया कि अनुसंधान कार्य में डेटा संग्रहण, साक्षात्कार विधि तथा विश्लेषण का विशेष महत्व होता है।

---

## भाजपा की जीत की खुशी में विधायक ने बांटे लड्डू

- बंगाल की जीत आम जनता के विश्वास, कार्यकर्ताओं की मेहनत और पार्टी की नीतियों की जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को प्राप्त प्रचंड जनसमर्थन के उपलक्ष्य में बवानीखेड़ा स्थित शहीद गुलाब सिंह पार्क में भाजपा विधायक कपूर वाल्मीकि के नेतृत्व में राजू हंस, सुंदर अत्री, जगदंबा महता, सुखबीर भाकर, रिंकू सांसी, कर्ण ओड, डा. बूटा राम धमीजा, विनित तवंर, प्रदीप सांसी, ज्ञानचंद, रिंकू सैनी सहित सैंकड़ों कार्यकर्ताओं एवं समाजसेवियों ने पहुंचकर खुशी मनाई व लडडू बांटकर मुंह मीठा कराया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की गई और एक-दूसरे को जीत की बधाई दी गई। विधायक ने इस मौके पर कहा कि यह जीत आम जनता के विश्वास, कार्यकर्ताओं की मेहनत और पार्टी की नीतियों की जीत है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार ने विकास, पारदर्शिता और जनहित के मुद्दों पर कार्य किया है, जिसका परिणाम जनता ने चुनाव में समर्थन देकर दिया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बूथ स्तर तक सभी ने मेहनत कर पार्टी को मजबूत बनाने में योगदान दिया है।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, पदाधिकारी और समर्थक मौजूद रहे।



बवानीखेड़ा। बीजेपी की जीत की खुशी मनाते हुए। फोटो: हरिभूमि

#### पटाखे चलाए

कार्यकर्ताओं ने पटाखे चलाकर और नारे लगाकर अपनी खुशी जाहिर की। माहौल पूरी तरह उत्साह और जोश से भरा रहा। विधायक ने आगे कहा कि यह जीत जिम्मेदारी भी बढ़ाती है और आने वाले समय में क्षेत्र के विकास कार्यों को और गति दी जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास किया जाएगा। इस दौरान स्थानीय नेताओं ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि पार्टी की नीतियों और नेतृत्व पर जनता का भरोसा लगातार मजबूत हो रहा है। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से काम करें: रवि

- भारतीय जनता पार्टी कैरु मंडल की मासिक बैठक कैरू में संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

भाजपा कैरू मंडल की मासिक सांगठनिक बैठक कैरू के विश्वकर्मा कंप्यूटर सेंटर में आयोजित हुई। इस दौरान बैठक की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष सतीश वर्मा ने की। वहीं बैठक में मुख्य वक्ता मार्केटिंग कमेटी बहल के चेयरमैन रवि महमिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस बैठक में मंडल के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक में विशेष तौर पर पहुंचे मुख्य वक्ता रवि महमिया ने उपस्थित साथियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती पर बल दिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत ही संगठन की असली ताकत है। उन्होंने सभी साथियों से आह्वान किया कि वे पूरी निष्ठा और ऊर्जा के साथ धरातल पर काम करें और जन-जन तक पार्टी की नीतियों को पहुँचाएं। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल , असम और पुडुचेरी की जीत में भाजपा की सरकार बनने की खुशी में कार्यकर्ताओं ने जमकर नारे लगाते हुए मिठाई बांटी।



तोशाम। आयोजित कार्यक्रम में पुष्प अर्पित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

#### भाजपा एक परिवार की तरह

बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सतीश वर्मा ने कहा कि, भाजपा एक परिवार की तरह है और इसके कार्यकर्ता सुख-दुख में हमेशा एक-दूसरे के काम आने वाले साथी हैं। यही पारिवारिक भावना और सेवा भाव हमारी सबसे बड़ी पूंजी है।

---

## पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का जीवन कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणापुंजः विनोद

- भाजपा जिला प्रवक्ता विनोद चावला ने छबील लगाकर मनाया केंद्रीय मंत्री का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता विनोद चावला ने पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन को बेहद सादगी और सेवाभाव के साथ मनाया।

भीषण गर्मी को देखते हुए चावला ने मंगलववार को स्थानीय दादरी गेट पंच मुखी हनुमान मंदिर के पास दूध और ठंडे पानी की छबील लगाई, जहां राहगीरों को गर्मी से राहत दिलाई गई। इस अवसर पर विनोद चावला ने मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व और हरियाणा के प्रति उनके विजन की जमकर सराहना की। चावला ने कहा कि मनोहर लाल का जीवन हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणापुंज है। उन्होंने हमेशा राजनीति को सत्ता का माध्यम नहीं, बल्कि सेवा का मार्ग माना है। हरियाणा की तपती गर्मी में प्यासे को पानी और दूध पिलाना ही उनके अंत्योदय के संकल्प को आगे बढ़ाना है। विनोद चावला ने कहा कि मनोहर लाल के हरियाणा के मुख्यमंत्री रहते हुए प्रदेश में नौकरियों में भ्रष्टाचार को खत्म कर मेरिट के आधार पर युवाओं को रोजगार दिया, जो प्रदेश के इतिहास में एक क्रांतिकारी कदम था।



भिवानी। केंद्रीय मंत्री के जन्मदिवस पर लोगों को पानी पिलाते हुए। फोटो: हरिभूमि

### पूर्व सीएम मनोहर लाल के जन्मदिन पर नंदीशाला में विधायक सर्राफ ने गुड़ व हरा चारा खिलाया

# मनोहर नीति की बदौलत प्रदेश में गोसेवा बजट को लगे पंख : सर्राफ

अब प्रदेश की किसी भी गोशाला में चारे या अन्य सुविधाओं की कमी नहीं रहेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि केंद्रीय केबिनेट मंत्री एवं पूर्व सीएम मनोहर लाल के समय में ही प्रदेश में गोसेवा आयोग का गठन हुआ था। उस वक्त गोशाला में गायों के लिए केवल 50 करोड़ रुपये का बजट चारे के लिए जारी होता था। पूर्व सीएम मनोहर लाल ने उसको बढ़ाकर साढ़े चार सौ करोड़ कर दिया। जिससे किसी भी गोशाला में गायों के लिए चारे की कमी नहीं रही। अब सीएम नायब सिंह सैनी ने इसको बढ़ा कर छह सौ करोड़ रुपये का बजट कर दिया। अब प्रदेश की किसी भी गोशाला में चारे या अन्य सुविधाओं की कमी नहीं रहेगी।



भिवानी। नंदीशाला में नंदियों को गुड़ खिलाते विधायक घनश्याम सर्राफ।

#### खर्ची व पर्ची पूरी तरह से बंद की

विधायक ने पूर्व सीएम मनोहर लाल के जन्मदिन पर नंदीशाला में नंदियों को गुड़ व हरा चारा खिलाया। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम मनोहर लाल का गायों का सेवा के प्रति जबरदस्त रूझान रहा। उनकी बदौलत आज पूरे प्रदेश की गोशालाओं में गायों के लिए हरे चारे से लेकर अन्य खाद्दय सामग्री का पर्याप्त भंडार किया है। उन्होंने पूर्व सीएम ने ही प्रदेश में नौकरियों के लिए खर्ची व पर्ची पूरी तरह से बंद की थी। आज भी वही व्यवस्था कायम है। प्रदेश में युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरियां मिल रही है। धांधलियों पर विराम लगाकर भाजपा सरकार ने एक ऐसा रास्ता दिखाया कि पढे लिखे युवा सरकारी नौकरी के साथ साथ स्वय रोजगार के प्रति भी अग्रसर हो रहे है। उन्होंने बताया कि जिले की गौशालाओं के लिए करोड़ों रुपये का तिमाही बजट आया है। कई गौशालाओं के लिए दूसरी किस्त है तो कई के लिए पहली किस्त है। इस मौके पर कमलेश भोडुका, विजय सिंहमार, रमेश सैनी, अमित बंसल, अतुल गुप्ता, सचिन सिंगला, रोहित, दीपक गोयल, सुरेश,संदीप सैनी, मोनिया सैनी, रामू जेवडी वाला, रिंकू, बंटी वर्मा, आनंद सिंह, कपिल सैनी आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप


पानी की टंकी से लापता टोटियां।

### राजकीय विद्यालय में चोरी स्कूल प्रबंधन में रोष

**बवानीखेड़ा।** ढुंढ़वा जोहड़ स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला में चोरों ने एक बार फिर चोरी को अंजाम देकर स्कूल प्रशासन को चिंता में डाल दिया है। विद्यालय मुखिया विमल कुमार ने बताया कि चोर रात के समय स्कूल में घुस आए और वहां से 7 पीतल की टोटियां चुरा ली। चोर 6 गमले भी साथ ले गए तो कुछ नष्ट कर दिया। चोरों ने स्कूल की पानी की पाइपलाइन को भी काट दिया, जिससे विद्यालय में जल आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई। इस कारण विद्यार्थियों और स्टाफ को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### बिजली टावर मुआवजे पर आंदोलन की चेतावनी

**तोशाम।** बिजली टावरों के उचित मुआवजे को लेकर क्षेत्र में बढ़ रही किसानों की समस्याओं के बीच युवा कल्याण संगठन ने भी सख्त रुख अपनाया है। संगठन के संरक्षक कमल प्रधान के नेतृत्व में किसानों के समर्थन में आवाज उठाते हुए संबंधित विभाग व सरकार से जल्द समाधान की मांग की गई। कमल प्रधान ने कहा कि पावर ग्रिड कंपनी द्वारा लगाए जा रहे हाई टेंशन बिजली टावरों से किसानों की उपजाऊ जमीन प्रभावित हो रही है, लेकिन इसके बदले उन्हें उचित मुआवजा नहीं मिल रहा। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि किसानों को उनकी जमीन का बाजार दर से दोगुना मुआवजा दिया जाए तथा टावरों के नीचे आने वाली भूमि का मुआवजा भी 60 प्रतिशत से अधिक निर्धारित किया जाए। उन्होंने आगे कहा कि तोशाम क्षेत्र एनसीआर व औद्योगिक गतिविधियों से प्रभावित क्षेत्र है, जहां जमीन का मूल्य काफी अधिक है। किसानों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय स्वीकार नहीं किया जाएगा।


कमल सिंह प्रधान।

### आज सुबह जिले की सीमा तक पहुंचने की उम्मीद

# गर्मी में नहीं सूखेगा लोगों का गला जिले को मिला 400 क्यूसेक पानी

**अब नहीं झेलनी पड़ेगी पीने के पानी की समस्या**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

जिले के लोगों के लिए राहत भरी खबर है। अब पीने के पानी की समस्या नहीं झेलनी पड़ेगी। पब्लिक हेल्थ विभाग की डिमांड पर सिंचाई विभाग ने जिले की नहरों के लिए 400 क्यूसेक पानी छोड़ा है। हालांकि अभी यह तय नहीं हो पाया है कि पहले जुई फीडर की ज्यादा डिमांड है या सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी की। फिलहाल नहरी पानी मोहला हैड पहुंचेगा,तभी तय होगा कि पहले कौन सी फीडर में पानी छोड़ा जाएगा।

पानी पहुंचने के बाद जिले के लोगों का पीने के पानी की समस्या से छुटकारा मिल पाएगा। उल्लेखनीय है कि शहर के जलघरों में पानी की कमी बनी हुई है,जिस वजह से पब्लिक हेल्थ विभाग ने पीने के पानी की राशनिंग कर दी थी। अब कई इलाकों में तीसरे तो कई इलाकों में चौथे दिन पीने के पानी की सप्लाई दी जा रही है। जिससे पीने के पानी को लेकर हाहाकार मचा है। इसी समस्या को लेकर पब्लिक हेल्थ विभाग ने सिंचाई विभाग से नहरी पानी दिलाए जाने की मांग भेजी थी। सिंचाई विभाग ने मुख्यालय से पानी की मांग भेजी और आज सुंदर ग्रुप को चार सौ क्यूसेक पानी मिल गया है। पानी कल सुबह तक जिले की सीमा में पहुंचने की उम्मीद है।


भिवानी। जुई नहर में बहता पानी। *फाईल फोटो।*

#### क्या कहते हैं अधिकारी

सिंचाई विभाग के कनिष्ठ अभियंता मनोज कुमार ने बताया कि केवल जलघरों के टैंक भरने के लिए पानी मंगवा गया है। पहले जुई फीडर में पानी चलाया जाएगा। क्योंकि भिवानी शहर के जलघरों में पानी की ज्यादा कमी है। कल सुबह तक पानी पहुंचने की उम्मीद है। उसके बाद भिवानी के जलघरों में पानी पहुंचना शुरू हो जाएगा।

#### जुई फीडर में छोड़ा जाएगा पानी

बताया जा रहा है सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी पर पड़ने वाले जलघरों में तो पीने के पानी का स्टॉक है,लेकिन भिवानी शहर के जलघरों में पीने के पानी का स्टॉक न के बराबर रह गया है। शहर के पुराने जलघर में पानी की बजाए गाद ही नजर आने लगी। अब उक्त जलघर से केवल टयूबवैलों से ही पानी की सप्लाई दी जा रही है। कुछेक टयूबवैलों को छोड़कर बाकी टयूबवैलों का पानी पीने लायक नहीं है। अब इन्हीं टयूबवैलों से ही पानी की सप्लाई दी जा रही है। पानी की कमी के चलते पब्लिक हेल्थ विभाग की डिमांड पर सिचाई विभाग ने नहरों में पानी छुडवा दिया है। अब पानी भिवानी शहर व आसपास के गांवों के जलघरों के टैंकों को पानी से भरने के लिए जुई फीडर में पानी चलाया जाएगा। करीब दो से तीन दिनों तक जुई फीडर में पानी चलाए जाने के बाद ही सुंदर व मिताथल फीडर में पानी छोड़ा जा सकता है। कल सुबह तक मिताथल हैड तक पानी पहुंचने की उम्मीद है।

## बुजुर्गों का सम्मान सभी की नैतिक जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहल

कस्बे के पूर्व सरपंच एवं समाजसेवी गजानंद अग्रवाल ने कहा कि बुजुर्ग समाज की अमूल्य धरोहर हैं। बुजुर्गों का सम्मान करना प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक दायित्व है। भारतीय संस्कृति में बुजुर्गों का सम्मान ही एक संस्कारित परिवार की पहचान माना गया है। उन्होंने युवा पीढ़ी से अपील की कि वे घर के बुजुर्गों को बोझ न मानकर उनके अनुभवों को अपने जीवन में उतारें। वे मंगलवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहल शाखा के समाज सेवा प्रभाग के तत्वावधान में संगम-गौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन विषय पर आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम में लगभग 175 वरिष्ठ नागरिकों एवं समाजसेवियों का सम्मान किया गया। गजानंद अग्रवाल ने कहा कि बुजुर्गों से मिली सीख और अनुभव से जीवन काफी हद तक उलझनों से मुक्त और सरल बन जाता है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मुंबई से आए प्रो. ईवी गिरीश ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक घर, परिवार और समाज की शान होते हैं। उनके अनुभव, संस्कार और मार्गदर्शन से समाज को सही दिशा मिलती है। उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था जीवन का गौरवपूर्ण चरण है जिसे सम्मान, स्नेह और आत्मिक शक्ति के साथ जीना चाहिए। समाज सेवा प्रभाग के मुख्यालय संयोजक ब्रह्माकुमार बीरेंद्र भाई ने कहा कि समाज में वरिष्ठजनों का सम्मान हमारी संस्कृति की पहचान है तथा उनके अनुभव नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा हैं।

#### आध्यात्म का संदेश

विशिष्ट अतिथि साधुराम पनिहार ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में संस्कार एवं सम्मान की भावना को मजबूत करते हैं। बीआरसीएम संस्थान निदेशक डॉ. एसके सिन्हा ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के अनुभव समाज निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। केन्द्र संचालिका राजयोगिनी बीके शकुंतला ने तनावमुक्त जीवन के लिए आध्यात्मिक जीवन अपनाने का संदेश दिया। बीके पूनम ने मेडिटेशन के माध्यम से सभी को आत्मिक शांति का अनुभव कराया। स्कूली बच्चों द्वारा बुजुर्गों के सम्मान से जुड़े विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। मंच संचालन समाज सेवा प्रभाग के हरियाणा संयोजक ब्रह्माकुमार सुनील व सुनील केडिया ने संयुक्त रूप से किया।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर में दिव्यांगों की जांच

- समाज के कमजोर वर्गों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना प्राधिकरण की प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जन सेवा संस्थान परिसर में दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं प्राधिकरण की चेयरपर्सन डॉ. गगनदीप कौर सिंह तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संजीव काजला के दिशा निर्देश अनुसार निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजन किया गया। जिसमें नागरिक अस्पताल के चिकित्सक डॉ. प्रवेश कुमार एवं अभिलाषा नर्सिंग आफिसर ,काउंसलर मोहिनी ने उपस्थित दिव्यांगजनों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श प्रदान किया तथा जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया। इस अवसर पर प्राधिकरण के जिला मुख्य दंडाधिकारी संजीव काजला ने निशुल्क चिकित्सा शिविर में उपस्थित हुए और उन्होंने चिकित्सा दल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के कमजोर वर्गों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना प्राधिकरण की प्राथमिकता है। जन सेवा संस्थान के प्रबंधक नरेंद्र कुमार ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि प्रत्येक माह आयोजित होने वाली स्वास्थ्य जांच से दिव्यांगजनों को निरंतर लाभ मिल रहा है। डॉ. प्रवेश कुमार ने बताया कि मई के महीने के दौरान विशेष सावधानी बरतने की सलाह देते हुए कहा कि इस मौसम में हल्का व सुपाच्य भोजन देना चाहिए। तले-भुने, अधिक मसालेदार व अत्यधिक मीठे खाद्य पदार्थों से परहेज किया जाए।


चरखी दादरी। शिविर में दिव्यांगजनों की जांच करते चिकित्सक । *फोटोः हरिभूमि*

## एफएलएस-2026 की हो रही व्यापक तैयारी

- अध्ययन का उद्देश्य प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों की बुनियादी क्षमताओं का आकलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) भिवानी द्वारा जिले में 'फाउंडेशन लर्निंग स्टडी' (एफ.एल.एस.-2026) के सफल एवं सुचारु संचालन के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। इस महत्वपूर्ण मूल्यांकन कार्य को पारदर्शी, समयबद्ध और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले के सभी फील्ड इन्वेस्टिगेटर्स (एफ.आई.) को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। डायट भिवानी की प्रभारी मोनिका तथा एफ.एल.एन. कोऑर्डिनेटर एवं डीएलसी के रूप में प्रशिक्षण दे रहे मुकेश कुमार जांगड़ा ने बताया कि मूल्यांकन प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। अब पूरा कार्य टैबलेट के माध्यम से डिजिटल रूप में संपन्न किया जाएगा। इससे न केवल आंकड़ों के संग्रहण में तीव्रता आएगी, बल्कि प्रक्रिया सटीक, पारदर्शी एवं विश्वसनीय भी बनेगी। प्रशिक्षण सत्रों के दौरान एफ.आई. को पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से एफ.एल.एस.-2026 की संपूर्ण प्रक्रिया विस्तार से समझाई जा रही है। उन्हें टैबलेट पर कार्य करने का अभ्यास कराया जा रहा है, जिससे वे मूल्यांकन कार्य को दक्षता के साथ संपन्न कर सकें। अध्ययन का मुख्य उद्देश्य प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों की बुनियादी पढ़ने, लिखने एवं गणनात्मक क्षमताओं (एफ.एल.एन.) का आकलन करना है। यह मूल्यांकन जिले के चयनित सरकारी एवं निजी विद्यालयों में आयोजित किया जाएगा। प्राप्त आंकड़ों के आधार पर शिक्षा विभाग भविष्य की योजनाओं एवं नीतियों में आवश्यक सुधार कर सकेगा, जिससे प्रत्येक विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सके। इस संपूर्ण प्रक्रिया की निगरानी राष्ट्रीय स्तर पर की जा रही है। मूल्यांकन कार्य को निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने हेतु प्रत्येक केंद्र पर जिला स्तरीय प्रेक्षण अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। डायट प्रशासन ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं एफ.आई. से अपेक्षा की है कि वे इस महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ करें।


भिवानी। प्रशिक्षण शिविर में जानकारी देते हुए। *फोटोः हरिभूमि*

## जनगणना के आंकड़े रखे जाएंगे गोपनीय और सुरक्षितः उपायुक्त

**चरखी दादरी।** जनगणना के दौरान लोगों द्वारा दी जानी वाली जानकारी एवं आंकड़े गोपनीय एवं सुरक्षित रखें जाएंगे। इसका उपयोग केवल शासकीय जनगणना के लिए ही किया जाएगा। भ्रांतियों को दूर करने के लिए जिला के सभी कार्यालय अध्यक्ष अपने क्षेत्र में लोगों को जागरूक भी करेंगे। उपायुक्त एवं मुख्य जनगणना अधिकारी डॉ. मुनीश नागपाल ने कार्यालय अध्यक्षों को निर्देश जारी किए हैं। उपायुक्त ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी जनगणना का कार्य शुरू हो चुका है। जनगणना 2027 के पहले चरण में 31 मई 2026 तक मकान सूचीकरण का कार्य किया जाएगा। अधिकारियों द्वारा इस कार्य की निगरानी की जाए और सुनिश्चित करें कि किसी भी प्रकार की रूकावट ना आए। लोगों की सुविधा के लिए जिला में हेल्प लाइन नंबर 1855 और 9053228048 संचालित किए जा रहे हैं। किसी को कोई परेशानी है तो वह इस नंबर पर संपर्क कर सके। उन्होंने जारी निर्देशों में कहा है कि कार्यालय अध्यक्ष अपने क्षेत्र में आमजन को जागरूक करें कि जनगणना के अंतर्गत एकत्रित डेटा गोपनीय एवं सुरक्षित रखा जाएगा। साथ ही जनगणना कार्य की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए सप्ताह में कम से कम दो बार फील्ड का दौरा करें तथा पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों द्वारा किए जा रहे कार्य की प्रगति का निरीक्षण करें। उपायुक्त ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया जाता है कि सभी विद्यालय प्रमुखों के माध्यम से जनगणना कार्य के लिए तैनात स्टाफ का समुचित समायोजन किया जाए, जिससे शैक्षणिक कार्य प्रभावित न हो।

### आयुष योग सहायकों को किया सम्मानित

**बवानीखेड़ा।** हरियाणा योग आयोग और भिवानी आयुर्वेद अधिकारी के नेतृत्व में जिला स्तरीय विश्व योग दिवस महोत्सव सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक घनश्याम सर्राफ और विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणा योग आयोग के रजिस्ट्रार डॉ राजकुमार वैद उपस्थित रहे। उन्होंने भिवानी के आयुष योग सहायकों को अच्छा कार्य करने के लिए सम्मानित किया। बवानी खेड़ा के सज्जनपुर व्यायामशाला इंचार्ज आयुष योग सहायक गजानंद कौशिक को विशिष्ट सम्मान के रूप में प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ रश्मि शर्मा, जिला योग कॉर्डिनेटर डॉ संजय वैद, जिला योग विशेषज्ञा डॉ निशा खट्टर, डॉ राणा, डॉ प्रीति शर्मा, अशोक कुमार मौजूद रहे।



### परिंदों के लिए पेड़ों पर रखे सकोरे

**लोहारू।** शहर के सामाजिक संगठन प्रयास एक कोशिश सामाजिक संगठन ने गर्मी के सीजन एक बार फिर परिंदों के लिए परिंडा अभियान की शुरुआत कर दी है। प्रथम दिन शहर के स्वर्ण जयंती पार्क में करीब एक दर्जन से सकोरे वृक्षों पर लटकाए गए। संगठन के संस्थापक पवन स्वामी, उमेद जांगिड़ और प्रधान महेंद्र कथूरिया ने बताया कि संगठन द्वारा पिछले दस वर्षों से हर गर्मी के सीजन में पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए यह अभियान चलाया जाता है। उन्होंने बताया कि स्थानीय स्वर्ण जयंती पार्क से इस अभियान की शुरुआत करते हुए एक दर्जन से अधिक सकोरे लगाए गए हैं। दूसरे दिन चौधरी बंसीलाल कॉलेज, मुक्ति धाम सहित कई सार्वजनिक स्थानों पर पक्षियों के लिए सकोरे लगाए जाएंगे। इसके अलावा इन सकोरों मे पानी डालना भी सुनिश्ति किया जाएगा। संगठन के सदस्य रिंकू, रवींद्र कस्वां आदि ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति गर्मी के इस सीजन में अपने घरों की छतों पर पक्षियों के लिए पानी का प्रबंध करना चाहिए।

## एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण

- अधिकारी एवं कर्मचारी आमजन के कार्यों को तत्परता से निपटाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

एसडीएम डॉ. विरेन्द्र सिंह ने मंगलवार को सरल केंद्र परिसर स्थित रजिस्ट्री कार्यालय, नकल शाखा, इंतकाल आदि कार्यो सहित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। कहा कि कर्मचारी आमजन के कार्य समय पर निपटाएं, बेवजह लोगों के चक्कर न कटवाएं। लापरवाही मिली तो संबंधित कर्मचारी के खिलाफ नियमानुसार कडी कार्रवाई होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें ताकि लोगों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। एसडीएम ने कहा कि आम जनता के कार्यों में किसी भी प्रकार की कोई ढिलाई नहीं आने दी जाएगी। एसडीएम ने इस दौरान आमजन से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। कहा कि कर्मचारी एक बार में ही बताए कि जो-जो कागजात कम हैं, उन्हें पूरा किया जाए ताकि जरूरतमंद सरकारी की योजनाओं का लाभ ले सकें। कई योजनाएं ऐसी हैं, जो ऑनलाइन होती हैं, उस बारे में लोगों को बताए ताकि वह ऑनलाइन आवेदन कर सकें। एसडीएम डॉ सिंह ने एसडीएम एवं तहसील कार्यालय, रजिस्ट्री कार्यालय, नकल शाखा, इंतकाल, सरल केंद्र में कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया।


चरखी दादरी। कार्यालय का निरीक्षण करते एसडीएम। *फोटोः हरिभूमि*

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### डीएमसी हरबीर सिंह ने वॉकथॉन को हुडा पार्क से हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## विद्यार्थियों ने वॉकथॉन के माध्यम से दिया शहर की स्वच्छता का संदेश

नई सोच-नया शहर अभियान के तहत निकली वॉकथॉन में युवाओं ने लिया हिस्सा

- शहर को स्वच्छ बनाने में आमजन का सहयोग जरूरीः हरबीर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

शहर को स्वच्छ, सुंदर और गंदगी मुक्त बनाने के उद्देश्य से शहरी स्थानीय निकाय के तत्वावधान में स्थानीय चौ. सुरेंद्र सिंह मैमोरियल हुडा पार्क से वॉकथॉन (पदयात्रा) का आयोजन किया गया। डीएमसी हरबीर सिंह ने वॉकथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि भिवानी शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाने में अपना योगदान दें। गलियों में जगह-जगह कचरा ना फेंके। शहर को गंदगी से मुक्त बनाने में आमजन का सहयोग जरूरी है। वॉकथॉन में मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी रिषभ रंजन, जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया और नगर परिषद ईओ राजाराम सहित विद्यार्थी शामिल रहे। इस दौरान रिषव रंजन ने कहा कि इस विशेष पखवाड़े के दौरान शहरवासियों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य जनभागीदारी के माध्यम से भिवानी को स्वच्छ, सुंदर और बेहतर शहर बनाना है। शहर को स्वच्छ बनाने में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं व नगर पार्षदों का सहयोग लिया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया ने कहा कि स्वच्छता के लिए युवा वर्ग में जागरूकता जरूरी है। वॉकथॉन जागरूकता का सशक्त माध्यम है। वहीं युवाओं ने स्वच्छता संबंधी नारों से लोगों से स्वच्छता बनाए रखने का आह्वान किया।


भिवानी। झंडी दिखाकर रैली को रवाना करते हुए। *फोटोः हरिभूमि*

#### स्वच्छता नागरिकों का भी कर्तव्य : हरबीर सिंह

डीएमसी हरबीर सिंह ने कहा कि शहरी स्थानीय निकाय शहर को स्वच्छ बनाने में भरपूर प्रयास कर रहा है। इसके साथ ही स्वच्छता बनाना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। सभी को मिलकर अपने आसपास सफाई बनाए रखने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी द्वारा एक से 15 मई तक प्रदेशभर में विशेष स्वच्छता पखवाड़ा शुरु किया गया है, जिसे नई सोच-नया शहर, स्वच्छ हरियाणा, नाम दिया गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को अपने शहर और कस्बों को साफ-सुथरा एवं सुंदर बनाए रखने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने विशेषकर युवाओं से कहा कि वे स्वयं अपने घर व आसपास क्षेत्र से स्वच्छता की शुरुआत करें।

### कैडेट्स के चयन की प्रक्रिया का आयोजन

**बहल।** बीआरसीएम ज्ञानकुंज स्कूल में एनसीसी की आर्मी विंग जूनियर डिवीजन एवं जूनियर विंग के लिए सत्र 2026-28 के लिए कैडेट्स के चयन की प्रक्रिया का आयोजन किया गया। यह चयन शिविर 11 हरियाणा बटालियन एनसीसी भिवानी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रितेश रंजन के निर्देशन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार झाझरिया व उपप्राचार्या सरस्वती दीक्षित ने की। मंगलवार को आयोजित चयन प्रक्रिया में विद्यालय के 105 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साह, अनुशासन और समर्पण भाव के साथ भाग लिया। चयन कार्य सूबेदार ऑनरी कै. दिलबाग सिंह, हवलदार सतीश कुमार, हवलदार मनोज कुमार तथा विद्यालय के एनसीसी प्रभारी एएनओ जोगेंद्र सिंह व बबीता की देखरेख में पूर्ण पारदर्शिता के साथ किया गया। प्रक्रिया के तहत विद्यार्थियों की शारीरिक क्षमता, मानसिक सजगता और व्यक्तित्व कौशल का परीक्षण किया गया।

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
आर्यन कोचिंग
स्थाई एकेडमी (विश्वास का दूसरा नाम)
12वीं के बाद सरकारी नौकरी
नया बैच आरम्भ
अग्निवीर SSC रेलवे
हरियाणा पुलिस हरियाणा ग्रुप-डी CET
AIRFORCE NAVY ARMY
पता : बस स्टैंड के पास, चरखी दादरी
9050035973, 9812611926